BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

तिथि : 27 जून,2024

**स्थानः बिहार क्रिकेट एसोसिएशन कार्यालय**
**45/C, पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना**

**समयः 13:30 बजे से**

**उपस्थितिः संलग्न हस्ताक्षर**

**एजेंडा संख्या -1 Mourning the demise of the Honorary Treasurer Late Ashutosh Nandan Singh**

बैठक के लिए आवश्यक कोरम सुनिश्चित करने के बाद श्री राकेश कुमार तिवारी ने सभा के सभापति/अध्यक्ष का आसन ग्रहण किया । अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने बैठक के सभा अध्यक्ष का आसन ग्रहण करने के साथ उपस्थित सदस्यों से कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन सिंह के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रखने का आग्रह किया।

मौन श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही सभी सदस्यों ने आशुतोष नंदन जी के कोषाध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल में दिए योगदान को याद किया एवं उनके कार्यों की सराहना की।

**एजेंडा संख्या-2 To confirm the proceedings of the last Meeting**

31 मार्च, 2024 की वेब बैठक के प्रथम 2 एजेंडा को संपुष्ट किया गया , लंबित एजेंडा संख्या 3 से 9 पर विचार व निर्णय -

**(3)** अन्तर डिस्ट्रिक्ट मैच में प्रति मैच दिवस आयोजक को 27,000 भुगतान की व्यवस्था जारी रहेगी। इसके अलावा आयोजक केंद्र को प्रति मैच दिवस 1,000/-ग्राउंड एंड पिच मेंटेनन्स के मद में भुगतान किया जायेगा ।अंपायर को प्रति मैच दिवस 2,000/- जारी रहेगी। स्कोरर को प्रति मैच दिवस 1,100 रुपये का भुगतान जारी रहेगा। पोस्टेड अंपायर के स्थान पर नियुक्त लोकल अंपायर 1,200 (सभी खर्च शामिल) प्रति मैच दिवस जारी रहेगा। विजिटिंग टीम को प्रति आयोजन स्थल 10,000/- भुगतान जारी रहेगा। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। विशेष परिस्थिति में आयोजन स्थल पर किसी विजिटिंग टीम के अतिरिक्त ठहराव के कारन प्रति टीम/प्रति अतिरिक्त दिवस कुल 5,100 (17 *300=5,100) देय/भुगतेय होगा

**(4)/(5)** चूँकि, बिहार सरकार के खेल विभाग के प्रधान सचिव महोदय ने कैबिनेट के निर्णय को संलग्न करते हुए बीसीसीआई को पत्र संख्या जारी किया था एवं बीसीसीआई ने बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को अपनि इकाई के सम्बन्ध में पत्र/सूचना प्रेषित कर दिया है, अतः, सर्वसम्मति से बिहार सरकार, मुख्यमंत्री महोदय,उप मुख्य मंत्री महोदय एवं कैबिनेट सहित बीसीसीआई को हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया गया। बैठक में उपस्थित

Rakesh Kumar Tiwary

BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

सदस्यों ने बीसीए के अध्यक्ष को उनके अप्रतिम प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास व्यक्त किया कि तमाम विरोधों के बावजूद श्री राकेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में डोमेस्टिक प्रतियोगिता, आधारभूत संरचना सहित प्रत्येक विभाग में बीसीए निरंतर प्रगति की राह पर है।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को बताया कि आधुनिकतम तकनीक एवं स्टेट ऑफ़ आर्ट सुविधाओं से सुसज्जित स्टेडियम के लिए बीसीसीआई ने दिनांक 24 जून की बैठक में अपनी प्राथमिक सहमती प्रदान कर दी है। नेशनल क्रिकेट अकादमी की तर्ज़ पर क्षेत्रीय अकादमी का सञ्चालन भी उसी परिसर में होगा। इसके अलावा आधुनिकतम जिम्नेजियम, स्विमिंग पूल, क्लब हाउस, कॉर्पोरेट लाउन्ज, 2 ड्रेसिंग रूम के साथ डाइनिंग, फिजियो रूम का प्रावधान रहेगा। क्रिकेट काम्प्लेक्स में ही 100 से 150 सुसज्जित रिहायशी कमरे की भी व्यवस्था रहेगी।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिहार सरकार के साथ लॉन्ग टर्म लीज के मसौदे तथा अन्य सहयोगी कार्यों -आर्कीटेक्ट, कंसल्टेंट, कांट्रेक्टर इत्यादि की नियुक्ति जैसे कार्यों के लिए बीसीए के द्वारा समय-समय पर प्रतिनिधि अथवा कमिटी के गठन के लिए अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को अधिकृत किया गया ,जो बिहार सरकार तथा बीसीसीआई से समन्वय के आधार पर आवश्यकतानुसार तत्काल निर्णय ले सकेंगे।

**(6)** वित्तीय वर्ष 2019 एवं 2020 के लिए इनकम टैक्स विभाग की नोटिस के सम्बन्ध में विमर्श किया गया एवं सीईओ को निर्देशित किया गया कि बीसीसीआई से लेजर सहित वहां के लेखा विभाग से समन्वय रखते हुए इस मामले को निष्पादित करवाएं

**(7)** सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लीगल मालों की समीक्षा हेतु अध्यक्ष के नेतृत्व में जीएम, प्रशासन, मीडिया मेनेजर, लीगल कमिटी के कन्वेनर तथा सम्बंधित मामले के अधिवक्ता के साथ आवश्यकतानुसार बैठक होगी तथा इसकी दैनिक/साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी

**(8)** चूँकि इस कार्य के लिए माननीय अध्यक्ष को पूर्व की आमसभा/ प्रबंधन समिति की बैठकों में अधिकृत किया जा चूका है एवं वह स्वयं इस मामले की समीक्षा कर रहे हैं, अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष इस मामले में आवश्यकतानुसार निर्णय लेंगे।

**एजेंडा संख्या-3 To discuss and decide the status of the accounts**

सर्वसम्मति से अभी तक हुए आय-व्यय पर सम्यक विचारोपरांत आय-व्यय के विवरण को अंगीकृत व स्वीकृत किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**एजेंडा संख्या-4 To discuss and decide the matter related with vacancy in COM.**

कोषाध्यक्ष पद पर स्वर्गीय आशुतोष नंदन जी के योगदान को देखते हुए और उनकी असामयिक मृत्यु से रिक्त हुए पद पर कार्य करने हेतु जिला प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश जी ने प्रस्ताव दिया कि बीसीए में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के संतुलन को देखते हुए शिवहर/उसी क्षेत्र से ही किसी योग्य व्यक्ति को नामांकित किया जाए।

प्रस्ताव पर विमर्श के दौरान निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में जीएम प्रशासन शिवहर जिला क्रिकेट एसोसिएशन को इस आशय का इमेल अविलम्ब करें तथा उनसे किसी योग्य तथा अहर्ताप्राप्त पदाधिकारी को नामित करने का आग्रह करें जिससे निर्णय लिया जा सके तथा इस सम्बन्ध में निर्णय लेने हेतु पांच बजे तक इस एजेंडा को लंबित रखा जाये।

शिवहर के जिला संघ से इमेल के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव (संलग्न ) के आधार पर श्री अभिषेक नंदन जी को बीसीए के कोषाध्यक्ष के पद पर नामांकित करने का बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के 'रूल्स एंड रेगुलेशन' की धारा 18 (4) j के अंतर्गत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि बैंक सहित सभी संबंधितों को इस आशय की सूचना निर्गत/प्रेषित की जाये तथा श्री अभिषेक नंदन को बीसीए के बैंक अकाउंट (HDFC बैंक सहित) में अधिकृत हस्ताक्षरी के रूप में नामित किया जाये।

सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि इस आशय की सूचना से माननीय लोकपाल महोदय को अवगत कराते हुए, माननीय से बैंक सञ्चालन सहित आवश्यक निर्देश/आदेश प्राप्त कर लिया जाये।

**एजेंडा संख्या-5 Any other matter with the permission of the chair**

(a) जिला संघों की तदर्थ समिति एवं जिला संघों के चुनाव के सम्बन्ध में विचारोपरांत

(b) पटना जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को विधिक राय के बाद सम्पुष करने, प्रकाशित करने एवं वेबसाइट पर प्रकाशित करने सहित माननीय लोकपाल महोदय को यथा शीघ्र सूचित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया

( c) जिन जिला संघों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है, उन जिला संघों के चुनाव प्रक्रिया की देख रेख हेतु बीसीए के द्वारा प्रतिनियुक्त होने वाले पर्यवेक्षक की नियुक्ति हेतु सचिव एवं सीईओ को अधिकृत करने का सदस्यों

ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया प्रक्रिया जारी है, सचिव एवं सीईओ को पर्यवेक्षक नियुक्त करने हेतु अधिकृत किया गया

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

(d ) माननीय लोकपाल महोदय के निर्देश के अनुपालन एवं शिकायतों की जांच के लिए गठित समिति के रिपोर्ट के आधार पर जिन जिला संघों में तदर्थ समिति का गठन किया गया है, सर्वसम्मति से संपुष्ट किया गया

(e) मधुबनी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सम्बन्ध में प्राप्त विधिक सलाह के अनुपालन में वहां के लिए निर्वाचित कमिटी को पुनर बहाल करने, वेबसाइट पर प्रकाशित करने तथा माननीय लोकपाल को यथा शीघ्र सूचित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(f) जिन जिला संघों का मामला माननीय लोकपाल के ट्रिब्यूनल में लंबित है, वहां से निर्णय होते ही अविलम्ब आदेश के अनुपालन हेतु करवाई करने हेतु अध्यक्ष, सचिव एवं सीईओ को अधिकृत करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(g) बोर्ड मैचों के आयोजन में मैदान एवं ड्रेसिंग रूम के मरम्मत, मशीन के मरम्मत व इंधन तथा दैनिक मजदुर मद में 70 लाख के औपबंधिक बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

(h) बोर्ड मैच के आयोजन में गत वर्ष के दर पर ही साईट स्क्रीन, टेंट, चेयर, टेबल एवं कैटरिंग इत्यादी कार्यो के गत वर्ष वाले वेंडर को ही कार्यदिश जारी करने हेतु सीईओ एवं जीएम प्रशासन को अधिकृत करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(i) बोर्ड मैच में भाग ले रही टीम के आवासन (होटल), यातायात,किट कूरियर सेवा, ड्रेस एवं किट की आपूर्ति करने वाले गत वर्ष के वेंडर को पिछले वर्ष के रेट पर ही कार्यदिश जारी करने हेतु सर्वसम्मति से सीईओ एवं जीएम प्रशासन को अधिकृत करने का निर्णय लिया गया

(j) सीईओ श्री मनीष राज द्वारा निजी कारणों से अपने पद से कार्यमुक्त करने हेतु मौखिक निवेदन किया गया। विचारोपरांत सीईओ के पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने तथा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा नयी नियुक्ति तक श्री मनीष राज अपने पद पर कार्यरत रहेंगे। सर्वसम्मति से नयी नियुक्ति हेतु अंतिम निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी को अधिकृत किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

The Emergent Meeting of the Committee of Management was held today on 27th of June,2024 at Bihar Cricket Association office 45/C, Patliputra Colony, Patna.

The following persons were present:

1. Ziaul Arefin, Secretary------------------------------- 27/6/24
2. Priya Kumari, Joint Secretary ---------------------- Priya Kumari 27/06/24
3. Om Prakash Jaiswal, District Representative --- Om Prakash 27/6/24
4. Pawan Kumar, Player's Representative (M)----- Pawan Kr. 27.06.24
5. Lovely Raj, Players' Representative (F)--------- Lovely Raj 27/06/24
6. Rakesh Kumar Tiwary

(Rakesh Kumar Tiwary)
President-cum-Chairperson

# बीसीए के आपात बैठक में विचारार्थ प्रस्ताव के आलोक में शिवहर जिला क्रिकेट एसोसिएशन का नामांकन

Me <gmadmin@biharcricketassociation.com>
Thu, 27 Jun 2024 3:23:40 PM +0530
To "Sheohar District Cricket Association" <sheohardca@biharcricketassociation.com>

मानद सचिव,
शिवहर जिला क्रिकेट एसोसिएशन

विषय: दिनांक 27 जून, 2024 के आपात बैठक में विचारार्थ एजेंडा संख्या 4 के सम्बन्ध में जिला प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश जैसवाल जी ने कोषाध्यक्ष के रिक्त पद हेतु शिवहर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा नामित व्यक्ति को नामांकित करने का प्रस्ताव रखा I बैठक में इस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति के साथ यह निर्णय हुआ कि अविलम्ब शिवहर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अपने किसी सर्वसम्मत पदाधिकारी का नाम बीसीए के कोषाध्यक्ष पद हेतु अग्रसारित करे, शाम पांच बजे तक अथवा आपके द्वारा इमेल से नामित व्यक्ति का नाम आने तक बैठक को इस सम्बन्ध में निर्णय लेने के लिए स्थगित किया गया है,जो निर्णय हेतु पुनः जारी रहेगा I

कृपया यथा शीघ्र इस सम्बन्ध में आपसी विचार-विमर्श कर सूचित करने की कृपा करें

प्रबंधन समिति के आदेश से प्रेषित

नीरज सिंह
जीएम,प्रशासन
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन

**विषय - बिहार क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष पद हेतु नाम अग्रसारण के संबंध में।**

Sheohar DCA <sheohardca@biharcricketassociation.com>
Thu, 27 Jun 2024 4:23:01 PM +0530
To "gmadmin" <gmadmin@biharcricketassociation.com>, "bca" <bca@biharcricketassociation.com>

---

संदर्भ - बिहार क्रिकेट संघ के आपातकालीन बैठक, दिनांक -27-06-2024 के एजेंडा नं-4

आदरणीय महोदय/महोदया,

आग्रह पूर्वक सूचित करना है कि बिहार क्रिकेट संघ, पटना द्वारा प्राप्त ई-मेल के आलोक में शिवहर जिला क्रिकेट संघ से संबद्ध सभी क्लब के पदाधिकारियों तथा हितधारकों से तत्काल विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पर्क कर उनसे विषयगत संदर्भ में विचार विमर्श किया गया । सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बिहार क्रिकेट संघ के रिक्त हुए कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री अभिषेक नंदन, जो कि वर्तमान में शिवहर जिला क्रिकेट संघ में संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत हैं, का नाम प्रस्तावित करने का निर्णय लिया।

साथ हीं बिहार क्रिकेट संघ के प्रबंधन समिति एवं बिहार क्रिकेट संघ से जुड़े सभी पदाधिकारियों द्वारा शिवहर जिला क्रिकेट संघ को प्रदान किये गये उक्त प्रस्ताव के लिए जिला क्रिकेट संघ से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण कोटिशः धन्यवाद ज्ञापन करते हैं।

आभार एवं धन्यवाद
शिवहर जिला क्रिकेट संघ
शिवहर